**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 01.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **चाईबासा के सारंडा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट, कोबरा के सहायक कमांडेंट घायल, बेहतर इलाज के लिए किया जा रहा रांची एयरलिफ्ट ।**
2. **पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रम को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने जारी किया परामर्श, भारत में विदेशी नागरिकों को वीजा की अवधि बढ़ाने की सुविधा।**
3. **कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए किए तीन महत्वपूर्ण एमओयू, बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन पर दिया जोर।**
4. **झारखंड पुलिस की विशेष शाखा ने होली को लेकर सभी जिलों को विशेष सतर्कता के दिए निर्देश, आसामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी निगरानी।**
5. **और 14वें सीनियर पारा वॉलीबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की बालिका टीम का शानदार प्रदर्शन , जीता रजत पदक।**

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में सारंडा के जंगल में आज सुबह एक आईईडी विस्फोट होने से कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक घायल हो गए। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया जा रहा है। एसपी अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है और पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों की ओर से आईईडी विस्फोट में मारे गए और घायल हुए ग्रामीणों के परिवारों को सहारा देने के लिए मनोहरपुर थाना परिसर में पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से पुलिस ने न सिर्फ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम भी उठाए।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को आईईडी की पहचान और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

********************

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपने वीजा के विस्तार या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। यह परामर्श पश्चिम एशिया के ताज़ा घटनाक्रम को देखते हुए जारी किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। इसके लिए कार्यालय की वेबसाइट बीओआई डॉट जीओवी डॉट इन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

********************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा है कि थैलेसोमिया और सिकल सेल मरीजों को लेकर सरकार गंभीर है। रांची में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश की तर्ज पर एजेंसी के माध्यम से रक्त संग्रहण और उपलब्धता की व्यवस्था बनाई जाएगी।

********************

झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा है कि अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना ही झालसा का उद्देश्य है । न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद रांची में आयोजित झालसा की छठी राज्य स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य भर में कानूनी सहायता सेवाओं को मजबूत करने के लिए चौबीस न्याय रथ वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

********************

झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों के वनोपज को बढ़ावा देने, उसके मूल्य निर्धारण और बेहतर बाजार के साथ किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण एमओयू किया है। कृषि मंत्री ने रांची में लघु वनोत्पादों के संग्रहण एवं मूल्य संवर्धन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के किसानों को बाजार की मांग के अनुरूप अपने

उत्पाद तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को इस दिशा में हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

********************

झारखंड पुलिस की विशेष शाखा ने होली पर्व को लेकर सभी जिलों को विशेष सतर्कता के निर्देश दिए हैं। स्पेशल ब्रांच ने पत्र में होली के दौरान पूर्व में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए सभी जिलों के डीसी और एसएसपी–एसपी को विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं।

********************

रामगढ़ अधिवक्ता संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल चीफ जस्टिस संदीप बेरसन के साथ विभिन्न विभागों के कई न्यायाधीश रजिस्टार और बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। इस आयोजन की खास बात यह रही कि अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने सभी न्यायाधीशों को हरी सब्जियों की माला पहनाकर हरी सब्जियों की सेवन के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एडिशनल चीफ जस्टिस ने लोगों को भाईचारा के साथ होली मनाने का संदेश दिया

********************

कोडरमा में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों के साथ होलिका दहन को लेकर गौशाला समिति की ओर से इस बार भी बड़े पैमाने पर गौ कास्ट का निर्माण किया जा रहा है। लकड़ी का कम से कम इस्तेमाल हो और वायु प्रदूषण भी कम हो इसी सोच के साथ गाय के गोबर से तैयार गौ कास्ट तैयार किया जा रहा है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरुण मोदी ने बताया कि इसमें 80 प्रतिशत गोबर और 20 प्रतिशत लकड़ी या कोयले के चूर्ण का इस्तेमाल किया जाता है। जिसकी कीमत भी काफी कम है।

********************

पूर्वी सिंहभूम में होली और टाटा फाउंडेशन डे को लेकर जिला प्रशासन ने शहर में तीन से पांच मार्च के बीच भारी वाहनों के प्रवेश पर आंशिक पाबंदी लगाने का निर्णय लिया है। प्रशासन की ओर से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार तीन मार्च की दोपहर तीन बजे से रात 12 बजे तक शहर की सीमा के भीतर सभी प्रकार के भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं पांच मार्च को इसी समयावधि में भारी वाहनों के साथ–साथ सभी व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लागू रहेगी।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 57 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 90 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

राज्य में इस बार होली पर मौसम का मिजाज गर्म रहने वाला है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

********************

14वें सीनियर पारा वॉलीबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। यह प्रतियोगिता मेरठ में आयोजित हुई थी। फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम का सामना हरियाणा से हुआ। पांच सेट तक चले मुकाबले में झारखंड की टीम को 4–5 से हार का सामना करना पड़ा और टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं पुरुष वर्ग की टीम को इस प्रतियोगिता में निराशा हाथ लगी।

*******समाप्त************